दिन—गुरुवार दिनांक— 25 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. चक्रवाती तूफान दाना के टकराने के कारण ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी। बिहार में भी तूफान का हल्का प्रभाव है।

02. विधानसभा उपचुनाव के लिए चारो सीटों पर नामांकन का कार्य संपन्न। अट्‌ठाईस अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की जाँच।

03. सूचना प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव शंकर ने कहा—प्रसार भारती जल्द अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म शुरू करेगा।

04. और, बिहार और कर्नाटक के बीच रणजी क्रिकेट मैच का मुकाबला कल से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेला जाएगा।

———————————————————

भीषण चक्रवाती तूफान दाना ओडीशा के तट से टकराने के बाद अब तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में स्थिति अभी सामान्य बनी हुई है। इधर, बिहार में इस चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

———————————————————

आकाशवाणी से बातचीत में विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि चक्रवाती तूफान कल मध्य रात्रि को इस क्षेत्र को पार कर गया।

——— बाईट———

सीवियर साइक्लॉन स्ट्रोम दाना 24 तारीख मध्य रात्रि से 25 तारीख सुबह तक ओडिशा और पश्चिम के तटीय इलाके को हिट किया है। इसके प्रभाव में हेवी टू वेरी हेवी रेन फॉल को कोस्टल एरिया में वेस्ट बंगाल और ओडिशा में रिकॉर्ड किया गया है। रेन फॉल के बाद यह वीक होते हुए कोस्टल ओडिशा में भद्रक से उत्तर—उत्तर—पूर्व दिशा में 40 किलोमीटर की दूरी में केन्द्र होता है। यह धीरे—धीरे अभी पश्चिम की दिशा में गति करने पूर्वानुमान किया जा रहा है।

———————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से कल बिहार में बारिश के आसार हैं। विभाग के मौसम वैज्ञानिक ने सत्ताईस अक्टूबर तक राज्य के

अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का कार्य आज संपन्न हो गया। नामांकन पत्रों की जांच अट्‌ठाईस अक्टूबर को होगी, जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बेलागंज विधानसभा सीट से सात प्रत्यशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सूचना–और–प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव–शंकर ने आज कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी जल्द अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि दोनों लोक सेवा प्रसारकों के पास कंटेंट का बड़ा भंडार है।

–––बाईट–––

इससे पहले श्री शंकर ने स्वच्छता अभियान फोर प्वाइंट ओ की प्रगति को लेकर मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से सरकारी विभागों को काफी लाभ हुआ है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज विश्व शांति स्तूप राजगीर के पचपनवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। श्री कुमार ने इस अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं के अलावा विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री ने शांति स्तूप के निकट बने एकीकृत भवन का भी उदघाटन किया।

———————————————————————————

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश होंगे। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को भारत का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है। वे ग्यारह नवम्बर को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना देश के इक्यावनवें प्रधान न्यायाधीश होंगे।

———————————————————————————

प्रधान न्यायाधीश डॉक्टर डी. वाई. चंद्रचूड़ ने आकाशवाणी से जुड़ी अपनी स्मृतियों को यादगार पल बताया है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ये स्मृतियां अब भी ताजा है।

——— बाईट———

———————————————————————————

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज कहा कि युवाओं को पुस्तक पढ़ने की आदत डालनी चाहिए क्योंकि पुस्तके अच्छा मित्र और मार्ग दर्शक होती है। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पुस्तकों के पढने से मोबाइल की भी लत कम होगी। राज्यपाल ने कहा कि इसी आदत को बढ़ावा देने के लिए राजभवन ने आओ पुस्तक पढ़े, पढ़े बिहार बढ़े बिहार अभियान की शुरुआत की है ।

———————————————————————————

केंद्र ने इक्कीसवीं पशुधन गणना के साथ पशुओं में महामारी से निपटने की तैयारियों तथा देश में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढीकरण पर आज महामारी निधि परियोजना की शुरूआत की। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सरकार दो हजार तीस तक देश से खुरपका और मुंहपका रोग तथा ब्रुसेलोसिस को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पशुधन जनगणना

पशुधन के लिए बनाई जाने वाली नीतियों में प्रमुख भूमिका निभाएगी। श्री सिंह ने कहा कि जी–20 महामारी कोष परियोजना से प्राप्त धनराशि पशु चिकित्सालयों के विकास और सुधार में सहायता करेगी।

————————————————————————————

आर्थिक अपराध ईकाई ने नीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। साथ ही छापेमारी के दौरान जिन जमीन और मकान के कागजात मिले हैं, उसकी खरीद–बिक्री पर भी रोक लगा दी गयी है। ईओयू के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संजीव मुखिया की बेनामी संपत्तियों की भी जांच की जाएगी।

————————————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने कहा है कि शिक्षको की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने जमुई में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जमुई में शिक्षक के साथ मारपीट की घटना निंदनीय है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

पटना जिले में छठ घाट की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि फिलहाल करीब आठ घाट खतरनाक है। लेकिन पानी घटने के साथ इसमें सुधार होने की संभवना है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ताईस अक्तूबर रविवार को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर भेज सकते है। माइगॉव नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

————————————————————————

पशु और मत्स्य संसाधन विभाग की सचिव एन विजय लक्ष्मी ने कहा है कि जिलों में पशुओं के लिए चिकित्सालयों की सुविधा सुनिश्चिम की जायेगी और इसका लाभ पशु पालकों को मिलेगा। उन्होंने नवादा में कहा कि जमीन उपलब्ध होने पर अस्पताल बनाने की कार्रवाई की जा रही है।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार और कर्नाटक के बीच रणजी क्रिकेट मैच का मुकाबला कल से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नाटक की टीम पटना पहुंच गई है। कल सुबह साढ़े आठ बजे इसकी शुरूआत होगी।

————————————————————————

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन की सितम्बर महीने की रैंकिंग में बक्सर जिला बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम लागू करने के मामले में पहले स्थान पर रहा है। वहीं, सुपौल जिले को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम लागू करने में पहला स्थान मिला है।

————————————————————————

बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद ने दो करोड़ रुपये तक पूंजी निवेश के पहले चरण के तहत पंद्रह प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी की अध्यक्षता में पर्षद की बैठक में इकहत्तर इकाईयों के लिए एक करोड़ तिरानवे लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

———————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने आज सिमुलतला आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर विद्यालय प्रशासन को विभिन्न निर्देश दिए।

———————————————————————

मधुबनी के लदनियां थाना अंतर्गत भगवतीपुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को उसके घर से करीब 35 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

दीपावली को लेकर बिहार में पटाखों को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इस बीच बक्सर में पुलिस द्वारा अवैध भंडारण के खिलाफ चलाई गई छापेमारी अभियान में बड़े पैमाने पर पटाखा बरामद किया गया है।

———————————————————————

01. चक्रवाती तूफान दाना के टकराने के कारण ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी। बिहार में भी तूफान का हल्का प्रभाव है।

02. विधानसभा उपचुनाव के लिए चारो सीटों पर नामांकन का कार्य संपन्न। अट्ठाईस अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की जाँच।

03. सूचना प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव शंकर ने कहा–प्रसार भारती जल्द अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म शुरू करेगा।

04. और, बिहार और कर्नाटक के बीच रणजी क्रिकेट मैच का मुकाबला कल से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेला जाएगा।

———————————————————————

समाप्त